न्यूज ब्रीफ

### घायल युवती की इलाज के दौरान मौत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनी नगर के गिन्दन खेड़ा स्थित आनंद विहार कॉलोनी निवासी शिवानी सिंह (25) 11 अप्रैल को बाबा की दवा लेने स्कूटी से जा रही थी। अमौसी एयरपोर्ट के पास बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रुप से घायल शिवानी को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता अरुण कुमार सिंह सिटी स्टेशन के पास जनरल स्टोर चलाते हैं। शिवानी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। परिवार में दो बहने और एक भाई है।

### निर्माणाधीन मकान में करंट से गाय की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर अमराई गांव स्थित श्यामनगर कॉलोनी निवासी वीरेंद्र कुमार मौर्या के अनुसार उनके घर के पास निर्माणाधीन मकान है। जहां काम चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान बिजली की आपूर्ति के लिए कटिया डालकर कनेक्शन लिया गया है। सोमवार शाम करीब 6.30 बजे चार माह की गर्भवती गाय को करंट लग गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस के सामने मौजूद मजदूरों और मुंशी ने कुबूल किया कि गाय की मौत करंट लगने से हुई है। इंदिरानगर इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, हरदोई :** कोतवाली के मोहल्ला उधरनपुर मे युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। घायल युवक के पिता रामवीर के अनुसार 19अप्रैल की शाम को मोहल्ले के कीर्ति कुमार रावत ने सोनू अग्निहोत्री, मोहितपाल और आकाश के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए उसके पुत्र संदीप को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से बच्चा घायल

**अमृत विचार, उन्नाव, :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी निवासी अनिमेष (10) सुबह करीब साढ़े 10 बजे सड़क पार कर रहा था। तभी शुक्लागंज से उन्नाव जा रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर से बच्चा सड़क पर गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने उसे उठाया और प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा।

# 1.93 लाख उपभोक्ताओं को समय पर बिजली नहीं, मुआवजे का हक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नियामक आयोग को सौंपी गई पावर कॉरपोरेशन की रिपोर्ट ने खोली पोल
- आयोग के अगले कदम पर टिकी सभी उपभोक्ताओं की नजरें




**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर प्रणाली को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में पावर कॉरपोरेशन की ओर से सौंपी गई रिपोर्ट से साफ हुआ कि रिचार्ज के बाद भी बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की बिजली समय पर बहाल नहीं हो सकी।

रिपोर्ट के अनुसार 13 मार्च-26 से 10 अप्रैल के बीच नेगेटिव बैलेंस के चलते लाखों कनेक्शन काटे गए। इनमें से 24,14,179 उपभोक्ताओं ने रिचार्ज किया, लेकिन लगभग 1,93,143 उपभोक्ताओं की बिजली 2 घंटे की निर्धारित समयसीमा के बाद बहाल हुई। नियमानुसार दो घंटे के भीतर आपूर्ति बहाल न होने पर पचास रुपये प्रतिदिन मुआवजा देय है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस मामले को गंभीर बताते हुए सभी प्रभावित उपभोक्ताओं को स्वतः मुआवजा देने की मांग की है। परिषद का कहना है कि 1912 शिकायत प्रणाली में पारदर्शिता नहीं है और उपभोक्ताओं को मुआवजा पाने का कोई प्रभावी तरीका उपलब्ध नहीं है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि कई तिथियों पर 18 से 23 प्रतिशत तक उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति को निर्धारित समय में बहाल नहीं किया जा सका। जो स्मार्ट मीटर प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करता है।

परिषद ने आयोग से मांग की है कि स्टैंडर्ड ऑफ परफॉर्मेंस रेगुलेशन 2019 का कड़ाई से पालन कराया जाए, स्वचालित मुआवजा प्रणाली लागू की जाए और पूरी व्यवस्था की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए। मामले के तूल पकड़ने के बाद अब आयोग के अगले कदम पर सभी उपभोक्ताओं की नजरें टिकी हैं।

### कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के कई इलाकों में बुधवार को फीडर और ट्रांसफॉमरों के मरम्मत का काम किया जाएगा, इससे करीब दो लाख उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। डालीबाग में सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक बिजली गुल रहेगी। इससे न्यू बेरी रोड, श्रीराम अपार्टमेंट, पैरामाउंट अपार्टमेंट, हेरिटेज अपार्टमेंट सहित आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। वहीं कल्याणपुर उपकेंद्र से सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके साथ ही अहिबरनपुर उपकेंद्र से पोषित कई इलाकों में सुबह 11 से शाम चार बजे तक बिजली बंद रहेगी। इससे शिवपुरम, श्रीपुरम 60 फीट रोड, शिवलोक, आजाद नगर प्रभावित रहेगा। सरोसा उपकेंद्र से सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आपूर्ति ठप होने से इब्राहिमगंज, भरोसा, टिकरा, न्यू कांशीराम, नारायनपुर व आसपास के इलाके प्रभावित होंगे।

## दुष्कर्म कर वीडियो बना ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोजनीनगर थाने में युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो बनाई। उसे वायरल करने की धमकी दी। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव प्रजापति के मुताबिक पीड़िता ने 15 नवंबर 2025 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि उसकी दोस्ती आजादनगर निवासी उवैश अली से हुई थी। आरोप है कि उवैश ने उसे कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और इसका वीडियो बना लिया। इसके बाद शादी का झांसा देकर लगातार संबंध बनाता रहा। जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपित मुकर गया और शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने व जान से मारने की धमकी देने लगा। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मंगलवार को पुलिस टीम ने उवैश अली को कामर्शियल तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

संवाददाता, मलिहाबाद


मोनू गौतम

- रहीमाबाद के राधे लाल ढाबे के सामने सोमवार देर रात हुआ हादसा

**अमृत विचारः** रहीमाबाद थाना के निकट राधे लाल ढाबे के सामने सोमवार देर रात उल्टी दिशा में जा रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। कार चालक की पुलिस कर तलाश रही है।

माल के चमरखेड़ा निवासी संजय के संजय ने बताया कि बेटा मोनू गौतम (24) रहीमाबाद के कुटी गांव में रिश्तेदारी में तिलक समारोह में गया था। वहां जाने के लिए सोमवार देर शाम बाइक से घर से निकला। उसके साथ हरदोई के ढ़िकुन्नी निवासी रवि भी था। देर रात मोनू के मोबाइल से हादसे की जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के मुताबिक 2 बजे रात बाइक सवार संडीला की तरफ जा रहे थे। रास्ते में कार ने सामने से टक्कर मार दी। बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी मलिहाबाद में भर्ती कराया, जहां मोनू को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत के चलते रवि को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। मोनू के परिवार में मां सरिता व बड़ा भाई राहुल है। रहीमाबाद कार्यवाहक प्रभारी उमेश यादव ने बताया कि सीसीटीवी की मदद से कार का नंबर और गाड़ी की पहचान कर ली गई।प्रार्थना पत्र मिलने पर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# सहारा वेलकेयर हॉस्पिटल संचालक के बयान दर्ज, कुछ दस्तावेज लाई टीम

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- नोटिस के बाद भी दस्तावेज नहीं दे पाया प्रबंधन, टीम ने करीब पौन घंटे की पूछताछ

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार :** नगर पंचायत महोना स्थित सहारा वेलकेयर हॉस्पिटल कथित 'किराए की कोख' से जुड़े वायरल वीडियो को लेकर विवादों में आ गया है। इंटरनेट मीडिया पर कई दिनों से प्रसारित इस वीडियो में अस्पताल का एक कथित कर्मचारी सौदेबाजी करता नजर आ रहा है। हालांकि, वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। बावजूद इसके, मामला सामने आने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई की रफ्तार सवालों के घेरे में है।

मामले का संज्ञान लेते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ.किसलय वाजपेई ने अस्पताल संचालक को नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसमें चिकित्सालय का पंजीकरण प्रमाण पत्र, कार्यरत चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की सूची, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र, अग्नि सुरक्षा एनओसी सहित अन्य जरूरी दस्तावेज शामिल थे। निर्धारित समय सीमा के भीतर अस्पताल प्रबंधन कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद मंगलवार को मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर गठित जांच टीम अस्पताल पहुंची। एसीएमओ (आरसीएच) डॉ. बीएन यादव के नेतृत्व में टीम ने बंद कमरे में करीब 45 मिनट तक अस्पताल संचालक डॉ.हयात (बीयूएमएस) से पूछताछ कर उनका लिखित बयान दर्ज किया और कुछ दस्तावेज जांच के लिए अपने साथ ले गई। टीम में डॉ.ए.पी. मिश्रा (प्रशासनिक) भी शामिल रहे।

### जवाबदेही पर उठे सवाल, कार्रवाई क्यों नहीं

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब अस्पताल आवश्यक दस्तावेज तक प्रस्तुत नहीं कर पाया, तो तत्काल प्रभाव से संचालन पर रोक या कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। एक सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी जांच केवल नोटिस और बयान तक सीमित रहना विभागीय कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है।स्थानीय लोगों में भी चर्चा है कि यदि इस तरह की गतिविधियां चल रही थीं, तो संबंधित विभागों को इसकी भनक क्यों नहीं लगी।

### लेटलतीफी से बढ़ी शंका

संवेदनशील मामले में कार्रवाई में देरी ने जांच की गंभीरता पर संदेह पैदा किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मामलों में त्वरित और दृढ़ कार्रवाई आवश्यक होती है, ताकि संभावित अनियमितताओं पर तुरंत रोक लग सके और साक्ष्य सुरक्षित रह सकें।वहीं अस्पताल की पैनल डॉक्टर प्रियंका त्रिपाठी को भी आज बुधवार को सीएमओ कार्यालय में बयान के लिए बुलाया गया है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले में ठोस कार्रवाई कर जिम्मेदारी तय करता है या जांच महज औपचारिकता बनकर रह जाती है।

# दुकान और मकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बिजनौर, मड़ियांव और चिनहट थाने में दर्ज हुई एफआईआर

**अमृत विचारः** बिजनौर में जनरल स्टोर का शटर तोड़कर और चिनहट व मड़ियांव में बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के सामान पार कर दिया। पीड़ितों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामे की जांच कर रही है।

आलमबाग के प्रेमनगर निवासी कृष्ण मुरारी का बिजनौर स्थित शहीद पथ के पास जनरल स्टोर है। कृष्ण मुरारी के मुताबिक 23-24 मार्च की रात को चोर शटर उखाड़कर अंदर दाखिल हुए। चोरों ने 14 हजार का सामान और चार हजार रुपये नकदी चोरी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर करीब एक माह बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। मूलतः सुल्तानपुर के रहने वाले रणविजय चिनहट के निजामपुर मल्हौर में परिवार समेत रहते हैं। रणविजय के मुताबिक 19 अप्रैल को वह सुल्तानपुर गये थे। घर पर ताला बंद था। चोरों ने ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल, गेमिंग डिवाइस और 20 हजार रुपये चोरी कर लिये। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसी तरह मड़ियांव के महेंश चंद्र रावत ने दो युवकों पर घर का सामान चोरी करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक दोनों युवक उनके घर की एसी, गैस चूल्हा और अन्य सामान ऑटो में भरकर ले गये हैं। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बंद मकान का ताला तोड़कर 8 लाख की चोरी

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा के खुशहालगंज गांव निवासी शान बाबू के मकान का ताला चोरों ने 20 अप्रैल की रात को तोड़ दिया। अंदर रखे करीब 8 लाख रुपये के जेवर व 65 हजार नकदी चोरी कर लिये। घटना के समय वह परिवार के साथ कहीं गये थे। जब वह पहुंचे तो अंदर पूरा सामान बिखरा हुआ था। पीड़ित ने पारा थाने में तहरीर दी। पुलिस के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### चोरी हुआ मोबाइल, खाते से निकल गये 90 हजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** हसनगंज गोखरन नाथ रोड डालीगंज निवासी गौरव के मुताबिक 11 अप्रैल की रात अतुल चौराहे के पास उनका मोबाइल किसी ने चोरी कर लिया। इसके बाद पिता इंद्रपाल के खाते से चोर ने 90 हजार रुपये निकाल लिये। इंस्पेक्टर हसनगंज चितवन कुमार के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## विधायक निधिः 12.47 अरब रुपये मंजूर



- हर जनप्रतिनिधि को 2.5 करोड़ 499 सदस्यों को मिलेगा लाभ

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 12 अरब 47 करोड़ 50 लाख की धनराशि जारी करने की स्वीकृति दी है।

इस राशि में विधानसभा के 403 में से 400 सदस्यों (3 सीटें रिक्त) के लिए 10 अरब तथा विधान परिषद के 100 में से 99 सदस्यों (1 सीट रिक्त) के लिए 2 अरब 47 करोड़ 50 लाख शामिल हैं। इस प्रकार कुल 499 (400 99) जनप्रतिनिधियों को प्रथम किश्त के रूप में प्रति सदस्य 2 करोड़ 50 लाख (जीएसटी सहित) की धनराशि दी जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग निर्धारित दिशा-निर्देशों और शासनादेशों के अनुरूप ही किया जाए। विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

### बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

**अमृत विचार, उन्नाव :** बहन के घर गए बीमार भाई को देखने जाने के लिए सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत हो गई। अचलगंज थानाक्षेत्र के मंझरा भिखना गांव निवासी रामविलास (55) असोहा थानाक्षेत्र के सरांय जोगा गांव स्थित एक आन लाइन सामान बेचने वाली कंपनी के वेयर हाउस में मजदूरी करता था।

# लापता महिला का बाग में मिला शव

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव,

- महिला के चेहरे पर मिले चोट के निशान, पड़ताल में जुटी पुलिस


घटनास्थल की जांच करती पुलिस व फोरेंसिक टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक दिन पूर्व घर से निकली कस्बा निवासी महिला का 5 किलोमीटर दूर निहालपुर गांव में शव मिलने से सनसनी फैल गई। फॉरेंसिक टीम के साथ एएसपी व सीओ पहुंचे और साक्ष्य एकत्र कर जांच के निर्देश दिए। परिजनों ने उसके शराब का लती बता किसी पर आरोप नहीं लगाया है। लेकिन चेहरे पर चोट के निशान होने से मौत को संदिग्ध मान पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सफीपुर कस्बा के मोहल्ला सराय मुबारक अली निवासी कमलेश मजदूरी के सिलसिले में बाहर रहता है। उसकी 50 वर्षीय पत्नी फूल कुमारी बच्चों के साथ रहती थी। सोमवार सुबह किसी काम से जाने की बात कहकर फूल कुमारी घर से निकली थी। लेकिन वह वापस घर नहीं लौटी। अक्सर उसके घर से गायब रहने की आदत से परिजनों ने भी कोई खोज खबर नहीं की। मंगलवार सुबह कस्बे से 5 किलोमीटर दूर कोतवाली क्षेत्र के निहालपुर गांव के बाहर ग्रामीणों ने अविनाश गौड़ के बाग में एक महिला का शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर एएसपी शैलेन्द्र कुमार, सीओ सोनम सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा, कोतवाली प्रभारी एसएन त्रिपाठी फोरेंसिक टीम के घटना स्थल पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। मौके पर शराब के पाउच व खाली गिलास पड़े थे। मृतका की नाक पर चोट के निशान मिले। उधर शव मिलने की सूचना पर कमलेश लोधी के पुत्र जीतू भी वहां पहुंच गया और उसने मृतका की शिनाख्त अपनी मां फूलकुमारी के रूप में की।

जीतू ने बताया कि मां शराब की लती थी। वह अक्सर कई कई दिन घर से गायब रहती थी। उसकी तहरीर पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी मौत से बेटों जीतू, मिथलेश व दिनेश, बेटी नीतू व खुशबू का रो-रोकर बुरा हाल है। सीओ सोनम सिंह ने बताया कि परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## रिश्तेदारी मे आये युवक को पीटकर किया घायल

**अमृत विचार, हरदोईः** कोतवाली के मोहल्ला दिलेरगंज मे रिश्तेदारी मे आये युवक को दो भाइयों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल युवक के रिश्तेदारों ने भी आरोपियों के साथ मारपीट की है। दोनों पार्टियों ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी है। शाहजहांपुर के शहर कोतवाली थाना के मोहल्ला हुसैनपुरा निवासी गौतम गुप्ता के अनुसार वह 20 अप्रैल की रात एक वैवाहिक कार्यक्रम मे शाहाबाद आया था। मोहल्ला दिलेरगंज मे उसके साढ़ू धर्मेन्द्र गुप्ता रहते है। वह रात करीब 9 बजे उनके घर मिलने गया था। तभी उसके साढ़ू के पडोसी गौतम रस्तोगी ने अपनी भाई ऋषभ रस्तोगी और साथी प्रांजल गुप्ता के साथ उसे गाली गलौज कर लाठी डंडा सरिया से मारपीट कर घायल कर दिया।

# विवाद के बीच फायरिंग से हड़कंप

संवाददाता, हरदोई


मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचारः** पचदेवरा थाने के सहसोगा गांव में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में मंगलवार की देर शाम फायरिंग होने की बात सामने आई है, आरोप है कि हवाई फायर में गोली एक कर में लगी। पुलिस के मुताबिक, मौके से उन्हें कार नहीं मिली। सीसीटीवी में भी कोई सुराग नहीं लगा है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

बताते है कि पचदेवरा थाने के लखनौर की प्रधान मुन्नी देवी हैं। लखनौर के मजरा सहसोगा निवासी उनके पुत्र मनोज हैं। चर्चा है कि लखनौर निवासी सुमित शुक्ला आने वाले पंचायत चुनाव में प्रधान पड़ की दावेदारी करेंगे। मंगलवार की शाम सुमित सरसों का गांव निवासी महिपाल सिंह के यहां आए थे। सुमित का दावा है कि इस दौरान वहां मनोज आ गए। दोनों में गाली गलौज होने लगी। सुमित का आरोप है कि इस दौरान मनोज ने हवाई फायर कर दिया। फायर वहां खड़ी एक कार में लगी। मौके पर अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर एसएचओ शिवनारायण सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महिपाल सिंह के मकान के बाहर लगे सीसीटीवी खंगाले। एसएचओ के मुताबिक सीसीटीवी में गोली चलने से संबंधित कोई सुराग अब तक नहीं दिखा है। सुमित द्वारा कार का नंबर बताया गया। नंबर से कर का विवरण निकल गया मालूम चला कि कर दिल्ली के पत्ते पर पंजीकृत है। इससे संबंधित मोबाइल नंबर स्विच ऑफ था।

केजीएमयू

विदेश में छात्राओं से अनैतिक गतिविधियां कराने की आशंका

# मेडिकल छात्राओं को विदेश भेजने की थी साजिश!

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में पकड़ा गया फर्जी छात्र हस्साम अहमद से हिंदू छात्राओं को निशाना बनाता था।

प्रारंभिक जांच में ये संदेश सामने आया है कि वह हिंदू छात्राओं को अपने जाल में फंसाकर उन्हें विदेश भेजने की साजिश रच रहा था। विदेश में इन छात्राओं के साथ अनैतिक गतिविधियों की आशंका जताई जा रही है। हिन्दू लड़कियां आसानी से उसके झांसे में आ जाएं इसके लिए वह अपने धर्म के लोगों को जोड़ने के साथ ही एमबीबीएस कर रहे लड़कों को भी जोड़ता था। पूछताछ में आरोपी ने दावा किया कि उसके ट्रस्ट से एसजीपीजीआई और शहर के दो नामी निजी मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टर जुड़े हैं। उसने मीडिया के सामने इन डॉक्टरों के नाम भी बताए। हालांकि, इन दावों की सत्यता की जांच की जा रही है।


पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए डॉ.केके सिंह, डॉ.प्रेमराज सिंह, डॉ.ओपी सिंह और डॉ.अमिय अग्रवाल व अन्य।

### ऐसे लेता था झांसे में

आरोपी हस्साम अहमद ने स्वीकार किया है कि वह केजीएमयू का डीन बनकर व्हाट्सएप पर छात्रों से संपर्क करता था। उसकी प्रोफाइल फोटो में डीन की तस्वीर लगी होने के कारण छात्र-छात्राएं आसानी से उसके प्रभाव में आ जाते थे। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले छात्रों से विश्वास कायम करता, फिर उन्हें एक कथित कॉर्डियो सेवा फाउंडेशन से जोड़ने का लालच देता था। वह फाउंडेशन के नाम पर पुरस्कार, सम्मान और करियर में मदद का झूठा सपना दिखाता था। इसी जाल में फंसकर एक छात्रा पूरी तरह प्रभावित हो गई। उसने बिना अपने परिवार या केजीएमयू प्रशासन को सूचना दिए दिल्ली जाने का फैसला तक कर लिया। पूछताछ के दौरान छात्रा ने बताया कि आरोपी ने उसे कई पुरस्कार मिलने का भरोसा दिलाया था। पत्रकार वार्ता में ट्रॉमा सीएमएस डॉ.प्रेमराज सिंह, डॉ.ओपी सिंह, डॉ.अमिय अग्रवाल, डॉ.भास्कर अग्रवाल, डॉ.अंकुर बजाज डॉ.कुमार शांतनु मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन इमारत में करंट उतरा, युवक की मौत

**अमृत विचार, हरदोई :** निर्माणधीन सरकारी इमारत में अचानक करंट उतरने से उसकी चपेट में आए युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इसका पता होते ही हादसे के शिकार हुए युवक के घर में कोहराम बरपा हो गया। पुलिस जांच कर रही है। बताया गया है कि कोतवाली देहात के कौढ़ा गांव निवासी 18 वर्षीय सुभाष चंद्र गांव के अपने साथियों विमलेश, सत्यम, नवल और सत्येंद्र के साथ शहर स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग कार्यालय परिसर में मंगलवार की सुबह निर्माणाधीन इमारत में शटरिंग का काम करने के लिए गए थे। दोपहर बाद वह पानी पीने के लिए सबमर्सिबल का तार बिजली बोर्ड में लगाने गए। उनके साथी सत्यम का दावा है कि इस दौरान बिजली का लगाते समय सुभाष चंद्र को करंट लग गया।

## झाड़ियों में फंदे से लटकता मिला दिव्यांग छात्र का शव

संवाददाता, हरदोई, सुरसा

**अमृत विचार।** इन्टर की पढ़ाई कर रहा दिव्यांग छात्र घर से बगैर बताए निकल गया जा, मंगलवार की सुबह पांचवें दिन उसका शव फांसी पर लटकता हुआ देखा गया, घर वाले आत्महत्या की बात कह रहें है, लेकिन उसकी वज़ह नही बता सके। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया है।

सुरसा थाने के रेंदा पुरवा मजरा तुर्तीपुर निवासी 18 वर्षीय प्रियांशु पुत्र राधेश्याम लखनऊ में रहकर इन्टर की पढ़ाई कर रहा था। पांच भाइयों मे तीन उससे बड़े और दो छोटे है। प्रियांशु एक पैर से दिव्यांग था। पिता राधेश्याम ने बताया कि प्रियांशु एक माह से घर पर था। गुरुवार को वह घर से बगैर बताए निकल गया था,घर वालों को लगा कि वह वापस लखनऊ चला गया होगा,उसी बीच मंगलवार की सुबह राधेश्याम जब शौच करने के लिए खेतों की तरफ पहुंचा,वहां झाड़ियों से बदबू लगी,उसने अन्दर बढ़ कर देखा,जहां नीम के पेड़ मे दुपट्टे के फंदे से उसके दिव्यांग बेटे का शव लटक रहा था,इसका पता होते ही घर-परिवार में कोहराम बरपा हो गया। पिता राधेश्याम ने आत्महत्या करने की बात कही है, लेकिन उसकी वज़ह नही बता सका। सूचना पर वहांपहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है,उसका कहना है कि रिपोर्ट आने केबाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामोद्योग को 10 लाख तक ऋण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लखनऊ में बेरोजगार युवाओं और युवतियों से आवेदन मांगे गए हैं। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग स्थापना के लिए अधिकतम 10 लाख रुपये तक का ऋण बैंकों के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एके गौतम ने बताया कि जनपद के लिए इस वर्ष 12 इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परियोजना लागत में सामान्य वर्ग के पुरुष आवेदकों को 10 प्रतिशत और आरक्षित वर्ग के लाभार्थियों को 5 प्रतिशत अंशदान स्वयं करना अनिवार्य होगा। आवेदन के लिए आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए और न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। इसके साथ ही, आवेदक ने पूर्व में किसी बैंक या खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड से अनुदानित ऋण न लिया हो। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसमें पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, परियोजना रिपोर्ट और अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा।

### 32 जिलों में लू का अलर्ट 25 अप्रैल तक राहत नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है और अप्रैल में ही मई-जून जैसी तपिश महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए प्रदेश के सीतापुर, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, 32 जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। अनुमान है कि 25 अप्रैल तक लोगों को इस गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है। पूर्वी और पश्चिमी दोनों क्षेत्रों में गर्मी का असर तेजी से बढ़ा है। खासकर बुंदेलखंड और मध्य प्रदेश से सटे दक्षिणी जिलों में गर्म हवाएं और लू के थपेड़े लोगों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। मंगलवार को 44 .2 डिग्री सेल्सियस के साथ बांदा प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जबकि सुल्तानपुर 43 .4 डिग्री और प्रयागराज 43 .2 डिग्री सेल्सियस के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार कई जिलों में लू की स्थिति बनी हुई है।

### रत्नेश सिंह बने एसीपी गोमतीनगर

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने मंगलवार देर रात को दो एसीपी के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। कैसरबाग के एसीपी रहे रत्नेश सिंह को गोमतीनगर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गोमतीनगर के एसीपी बीएन सिंह का पदोन्नत होने के बाद सुल्तानपुर स्थानांतरण हो गया था। वहीं, यातायात में तैनात नवरत्न गौतम को कैसरबाग का एसीपी बनाया है।

### गैंगस्टर को तीन साल की सजा, 5 हजार जुर्माना

**अमृत विचार, उन्नाव :** क्षेत्र में भय व्याप्त कर व गैंग बनाकर अपराध करने के दोषी को कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई है। वहीं, न्यायाधीश ने उस पर 5 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। बता दें कि धनोपार्जन के लिए गैंग बनाकर विभिन्न प्रकार के अपराध करने के आरोप में अचलगंज पुलिस ने सदर कोतवाली क्षेत्र के डीह गांव निवासी सोनू सिंह पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाई की थी। पुलिस ने 1 नवंबर 2019 को उसे पकड़कर कोर्ट में पेश किया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। तभी से मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन था। मंगलवार को हुई मुकदमे की अंतिम सुनवाई में न्यायाधीश ने अभियोजन पक्ष से विश्वास त्रिपाठी, अलंकार द्विवेदी व हरीश रावत की दलील व साक्ष्य के आधार पर गैंगस्टर सोनू सिंह को 3 साल की सजा सुनाई है।

# सांप्रदायिक राजनीति को जनता की ताकत से हराएंगे: अखिलेश यादव

- सीएम के पैदल मार्च पर तंज, सरकार में रहकर विपक्ष की प्रैक्टिस कर रही भाजपा
- महिला आरक्षण पर भी सरकार को घेरा, मजदूर मुद्दे और बिजली घोटाले उठाए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सांप्रदायिक राजनीति को जनता की ताकत से हराया जाएगा। सपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने मुख्यमंत्री के पैदल मार्च पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में रहकर विपक्ष में आने की तैयारी कर रही है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पहले ही संसद में 2023 में पारित हो चुका है और सभी दलों का उसमें सहयोग रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपने ही बनाए कानून को लेकर संघर्ष करती दिख रही है, जो अभूतपूर्व है। उन्होंने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगी। इतिहास में पहली बार एकजुट समाज भाजपा को हराएगा। साथ ही, उन्होंने इंडिया गठबंधन के नेताओं को लोकतंत्र की ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई भी दी। महिला आरक्षण के मुद्दे पर सपा अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा महिलाओं के अधिकार और भागीदारी के पक्ष में रही है। उन्होंने भाजपा पर महिलाओं को आगे बढ़ने से रोकने का आरोप लगाते हुए कहा कि हमने उनकी मंशा को सफल नहीं होने दिया।

अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि झूठ बोलने में भाजपा हिटलर राज से भी आगे निकल गई है। उन्होंने कहा कि संसद में पारित और अधिसूचित विधेयक को लेकर गलत बयानबाजी की जा रही है। उन्होंने महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ-साथ सुरक्षा और संरक्षण की आवश्यकता पर भी जोर दिया। गाजीपुर की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सपा का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलेगा और पार्टी हर संभव कानूनी व आर्थिक मदद करेगी।



### 'मुझे ऐसा मित्र नहीं चाहिए'

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोकसभा में 'मित्र' कहे जाने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि उन्होंने उसी समय स्पष्ट कर दिया था कि उन्हें ऐसा मित्र नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री ही बता सकते हैं कि उन्होंने उनकी क्या मदद की। यह बयान उन्होंने परिसीमन बिल पर चर्चा के संदर्भ में दिया, जब संसद में प्रधानमंत्री ने उन्हें अपना मित्र बताया था।

### सीमा राजभर को मिली बड़ी जिम्मेदारी

- अखिलेश यादव ने बलिया की रहने वाली सीमा राजभर उर्फ भावना को महिला सभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। सीमा राजभर पहले ओमप्रकाश राजभर की पार्टी सुभासपा से जुड़ी रही हैं और सपा छात्रसभा में राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी निभा चुकी हैं। उनकी नियुक्ति को पूर्वांचल की राजनीति में बड़ा संदेश माना जा रहा है।

## 1126 अधोमानक पानी की बोतलें जब्त

**अमृत विचार, लखनऊ:** रेलवे ने सत्याग्रह एक्सप्रेस, वैशाली एक्सप्रेस, आम्रपाली एक्सप्रेस तथा सिलचर एक्सप्रेस में अवैध वेंडरों के विरुद्ध जांच की गई। इसमें 1126 अधोमानक पेयजल बोतलें पकड़ी गईं। ये बोतलें एल.पी.ओ. में जमा करा ली गई। दो अनाधिकृत वेंडरों को रेलवे सुरक्षा बल को सौंपा गया। मंडल प्रशासन ने इसके साथ ही यात्रियों से अपील की गई है कि स्टेशनों और फुट ओवर ब्रिज पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं, निर्धारित स्थानों से ही रेलवे ट्रैक पार करें।

# स्वास्थ्य, ऊर्जा, वित्त और कृषि समेत 17 विशेष सचिव बदले गए

## सचिवालय प्रशासन ने अधिकारियों को जल्द कार्यभार ग्रहण करने के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सचिवालय प्रशासन 17 विशेष सचिव स्तर के अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। यह सभी स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार कई महत्वपूर्ण विभागों में अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं। विनोद कुमार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से सचिवालय प्रशासन विभाग, प्रभात कुमार को चिकित्सा शिक्षा से ऊर्जा विभाग तथा आनंद प्रकाश सिंह को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में तैनात किया गया है। इसी क्रम में लाल बहादुर यादव को कृषि विभाग से उपभोक्ता मामले विभाग, विनय कुमार सिंह को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से धर्मार्थ कार्य विभाग और विनीत प्रकाश को नियुक्ति विभाग से सार्वजनिक उद्यम विभाग भेजा गया है। जय प्रकाश भारती को सूचना विभाग से खाद्य एवं औषधि विभाग तथा सुनील कुमार पाण्डेय को एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन से समाज कल्याण विभाग में नई जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा अनिल कुमार को राजस्व विभाग से सहकारिता विभाग, मंजुलता सिंह को गृह/गोपन से अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, वेद प्रकाश द्विवेदी को गृह-गोपन विभाग से राजनैतिक पेंशन विभाग और महावीर प्रसाद गौतम को वित्त विभाग से नागरिक सुरक्षा विभाग में स्थानांतरित किया गया है। प्रेम कुमार पाण्डेय को वित्त से सचिवालय प्रशासन, उमा द्विवेदी को संस्कृति विभाग से परिवहन विभाग, आनंद कुमार राय को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से रेशम विकास विभाग, संजय शुक्ला को ऊर्जा विभाग से प्रशासनिक सुधार विभाग तथा राजाराम द्विवेदी को राजस्व विभाग से लोक सेवा प्रबंधन विभाग में तैनाती दी गई है।

आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी अधिकारी अपने नए तैनाती स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करें। संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस फेरबदल में स्वास्थ्य, ऊर्जा, वित्त, राजस्व, कृषि और समाज कल्याण जैसे प्रमुख विभागों पर विशेष ध्यान दिया गया है। कई अधिकारियों को ऐसे विभागों में तैनात किया गया है, जहां योजनाओं का सीधा असर आम जनता पर पड़ता है। विशेष रूप से ऊर्जा, चिकित्सा और ग्रामीण विकास से जुड़े विभागों में बदलाव को प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। शासन की मंशा स्पष्ट है कि प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए और विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए।

### 13 संयुक्त सचिवों के भी हुए तबादले

- **अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सचिवालय प्रशासन विभाग ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए 13 संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार कई अहम विभागों में अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं। नई तैनाती पर जल्द कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। अमिताभ श्रीवास्तव को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से गृह विभाग भेजा गया है, जबकि दिलीप कुमार शुक्ला को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग से पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में तैनाती दी गई है। दुर्गा सिंह को एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन से नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग भेजा गया है। इसी क्रम में रवीन्द्र प्रताप सिंह को पशुधन विभाग से सैनिक कल्याण विभाग, चंद्रशेखर मिश्र को चिकित्सा शिक्षा से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा राजेश प्रताप सिंह को लोक निर्माण विभाग से रेशम विकास विभाग में स्थानांतरित किया गया है। धर्मेंद्र कुमार पाठक को लोक निर्माण से राजस्व विभाग, राज कुमार को औद्योगिक विकास से संस्कृति विभाग और अजीत प्रताप सिंह को सतर्कता विभाग से ग्राम्य विकास विभाग में नई जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा उदयवीर सिंह राठौर को परती भूमि विकास से सचिवालय प्रशासन, कृपा शंकर यादव को न्याय विभाग से कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग, राजेन्द्र कुमार को वित्त से परिवहन विभाग और सजीवन को वित्त से गृह विभाग में तैनात किया गया है।आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी अधिकारी अपने नए तैनाती स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करें।



प्रधानमंत्री के संभावित दौरे के दृष्टिगत सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारी।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सुरक्षा और व्यवस्था रहे चाक-चौबंद : मुख्यमंत्री

- वाराणसी में सीएम ने की समीक्षा महिला सम्मेलन पर खास फोकस
- स्टेडियम, रोपवे और शहर की स्वच्छता पर भी दिए सख्त निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे और प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर सर्किट हाउस में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहे और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

मुख्यमंत्री ने महिला सम्मेलन के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से पूरी कराने पर जोर देते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं के आवागमन की सुचारु व्यवस्था, पर्याप्त पार्किंग और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यक्रम से जुड़े सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और सुरक्षित हों। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए योगी आदित्यनाथ ने पूरे शहर में साफ-सफाई बेहतर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रीट डॉग और छुट्टा पशुओं को आश्रय स्थलों में रखने तथा स्ट्रीट वेंडरों के समुचित प्रबंधन की व्यवस्था करने को कहा। आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री ने रूट डायवर्जन की बेहतर योजना बनाने का निर्देश दिया। बैठक में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान प्रस्तावित लोकार्पण और शिलान्यास परियोजनाओं की जानकारी भी प्रस्तुत की गई।

विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने रोपवे परियोजना को तेजी से पूरा करने और गंजारी में बन रहे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण को युद्धस्तर पर आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि स्टेडियम का कार्य जुलाई के प्रथम सप्ताह तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने मणिकर्णिका घाट और दालमंडी सड़क चौड़ीकरण कार्य को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया।



प्रधानमंत्री के संभावित दौरे के दृष्टिगत सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

### मुख्यमंत्री योगी ने काशी के कोतवाल और बाबा विश्वनाथ के चरणों में झुकाया शीश

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक के बाद ''काशी कोतवाल'' बाबा कालभैरव एवं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत दर्शन पूजन किया। इसके बाद उन्होंने बीएलडब्ल्यू का दौरा कर प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, महापौर अशोक तिवारी, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, राय धर्मेंद्र सिंह, अश्वनी त्यागी, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, डॉ. अवधेश सिंह, भाजपा के महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण से बनता है समर्पित और वैचारिक कार्यकर्ता : शिव प्रकाश

- दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत भाजपा की जोनल वक्ता कार्यशाला
- यूपी, बिहार और उत्तराखंड के प्रतिनिधियों को मिला वैचारिक व संगठनात्मक प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भाजपा के राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) शिव प्रकाश ने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण की सशक्त परंपरा है। प्रशिक्षण के माध्यम से अनुशासित, समर्पित, परिश्रमी और वैचारिक रूप से दृढ़ कार्यकर्ता तैयार होते हैं, जो संगठन, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व को समझते हैं। उन्होंने वक्ताओं को सलाह दी कि वे विषय की गहन तैयारी, सरल प्रस्तुति और प्रभावी संवाद शैली अपनाएं।

वे मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत एसआर कॉलेज, बख्शी का तालाब में जोनल स्तर की वक्ता कार्यशाला में बोल रहे थे। इसमें उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर जिला स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्गों के लिए वक्ता के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण और संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण का मूलमंत्र इस प्रशिक्षण का आधार है। राष्ट्रीय मंत्री ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि निरंतर सीखने की प्रवृत्ति ही कार्यकर्ता को दक्ष बनाती है। देश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बूथ और चुनाव प्रबंधन को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत बनाता है। उत्तराखंड के प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजय कुमार ने विचार परिवार की अवधारणा को समझाया, जबकि बिहार के भीकूभाई डलसानिया ने संगठन की कार्यपद्धति पर विस्तार से चर्चा की। प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य ने देश के समक्ष चुनौतियों पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल ने पार्टी के इतिहास और विकास यात्रा को रेखांकित किया, जबकि युवा मोर्चा के वरुण झावेरी ने सोशल मीडिया की बढ़ती भूमिका पर प्रशिक्षण दिया।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र एवं अजय जामवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही, केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, उत्तराखण्ड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी, डा. महेंद्र नाथ पांडेय, भूपेंद्र चौधरी, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला में 12 सत्रों की रूपरेखा तय की गई है, जिनके माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद जिला स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे।

## घर में घुसकर मारपीट में पिता व पुत्री घायल

**अमृत विचार, हरदोई:** पचदेवरा थाना क्षेत्र ग्राम धानीनगरा निवासी विनोद सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल को शाम करीब 6:30 बजे गांव के ही मुकेश सिंह व राजेश सिंह पुत्र सरेपाल सिंह नशे की हालत में उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाने पहुंची पुत्री शिवानी सिंह को भी आरोपियों ने पीट दिया।

# 35 जातियों को मिलेगा आवास योजना का लाभ

- योगी सरकार का बड़ा फैसला, अब सभी अनुसूचित जनजातियां होंगी पात्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि योगी सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का दायरा बढ़ाते हुए अब प्रदेश की सभी अनुसूचित जनजातियों को इसके अंतर्गत शामिल करने का निर्णय लिया है। इससे भुनिया समेत 35 जातियों को योजना का लाभ मिल सकेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। वर्ष 2018 में शुरू हुई इस योजना में शुरुआत में वनटांगिया और मुसहर जातियों को शामिल किया गया था। बाद में कोल, थारू, सहरिया, नट, चेरो, बैगा, बोक्सा, बंजारा और सपेरा जैसी जातियों को जोड़ा गया। अब भोटिया, जौनसारी, राजी, गोंड, धुरिया, ओझा, नायक, पठारी, राजगोंड, खरवार, खैरवार, परहिया, पंखा, पनिका, अगरिया, पटारी, भुइयां व भुनिया समेत अन्य जातियों को भी पात्रता सूची में शामिल कर लिया गया है।

केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि योजना 'संतृप्ति मॉडल' पर आधारित है, जिसके तहत शामिल जातियों के सभी पात्र लाभार्थियों को कम समय में आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा जाता है। उन्होंने कहा कि मुसहर और वनटांगिया समुदाय के अधिकांश पात्र लोगों को पहले ही आवास दिए जा चुके हैं। इस योजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों, गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों, निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगजनों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार का कहना है कि यह पहल वंचित वर्गों को सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में अहम कदम है।

**बढ़ते कदम** — ग्रीन ट्रांसपोर्ट कॉन्क्लेव में दमदार प्रस्तुति, यूपी के विजन को मिली सराहना

# राष्ट्रीय मंच पर चमका यूपी का हरित परिवहन मॉडल

- हरित मोबिलिटी, लॉजिस्टिक्स और आधुनिक अवसंरचना पर पेश किया रोडमैप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नई दिल्ली में आयोजित ग्रीन ट्रांसपोर्ट कॉन्क्लेव में यूपी ने हरित, आधुनिक और तकनीक-आधारित परिवहन मॉडल की प्रभावशाली प्रस्तुति देकर राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। यूपी स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने प्रदेश के सतत मोबिलिटी, मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और भविष्य उन्मुख अवसंरचना के विजन को विस्तार से रखा।

इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय कॉन्क्लेव में देशभर के नीति-निर्माता, उद्योग प्रतिनिधि और विशेषज्ञ शामिल हुए। उद्घाटन नितिन गडकरी ने किया। अपने संबोधन में मनोज कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश हरित परिवहन, स्वच्छ ऊर्जा आधारित मोबिलिटी और आधुनिक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के जरिए नए मानक स्थापित कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है, जिसमें पूर्वांचल, बुंदेलखंड, गंगा और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे जैसी परियोजनाएं कनेक्टिविटी को मजबूत बना रही हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, ई-बसों और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा दे रही है। साथ ही एथेनॉल, बायोगैस और संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) जैसे वैकल्पिक ईंधनों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आधुनिक तकनीकों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट, डिजिटल टोलिंग और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग जैसी पहलें भविष्य की मोबिलिटी को नई दिशा देंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि हरित परिवहन, कुशल लॉजिस्टिक्स और सतत अवसंरचना 'विकसित उत्तर प्रदेश-2047' और ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस प्रस्तुति को राष्ट्रीय मंच पर सराहना मिली, जिससे प्रदेश का विकास मॉडल व निवेश संभावनाएं और मजबूत होकर उभरी हैं।




ग्रीन ट्रांसपोर्ट कॉन्क्लेव में यूपी का दमदार प्रदर्शन, एसटीसी के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया हरित परिवहन मॉडल।

### हरित परिवहन विजन

- उत्तर प्रदेश का फोकस स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन प्रणाली विकसित करने पर है। इसमें इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा, चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार और सार्वजनिक परिवहन को पर्यावरण के अनुकूल बनाना शामिल है। साथ ही, मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के जरिए सड़क, रेल और जलमार्ग को जोड़ने की दिशा में काम हो रहा है। लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत करने से माल परिवहन तेज और किफायती हो रहा है। यह मॉडल न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद करेगा, बल्कि आर्थिक विकास को भी गति देगा और प्रदेश को वैश्विक निवेश के लिए आकर्षक बनाएगा।

# मिशन कर्मयोगी 'साधना सप्ताह' में यूपी दूसरे स्थान पर

- 1.25 करोड़ शिक्षण घंटे पूरे, देश के कुल प्रशिक्षण में 40% योगदान
- 11.3 लाख कर्मचारियों ने न्यूनतम 4 घंटे का प्रशिक्षण पूरा किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मिशन कर्मयोगी के तहत आयोजित 'साधना सप्ताह' में उत्तर प्रदेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य के कार्मिकों ने इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग (आईगोट) प्लेटफॉर्म पर उल्लेखनीय भागीदारी दर्ज कराई।

प्रदेश के 14.25 लाख से अधिक कर्मचारियों ने 1.25 करोड़ से ज्यादा शिक्षण घंटे पूरे किए, जो देश के कुल प्रशिक्षण का लगभग 40 प्रतिशत है। वहीं, 'साधना सप्ताह' (2 से 10 अप्रैल) के दौरान 11.3 लाख कर्मचारियों ने न्यूनतम 4 घंटे का प्रशिक्षण पूरा किया। इसे शासन प्रणाली में गुणात्मक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। 'ओवरऑल बेस्ट परफॉर्मेंस' श्रेणी में उत्तर प्रदेश को दूसरा स्थान मिलना राज्य की प्रशासनिक क्षमता, अनुशासन और सतत अधिगम के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह उपलब्धि प्रभावी क्रियान्वयन, टीम वर्क और विभागीय समन्वय का परिणाम मानी जा रही है।

### मुख्यमंत्री सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और 'उपाम' टीम को दी बधाई

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और नोडल संस्था 'उपाम' की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता में विभागीय स्तर पर किए गए समन्वय, निगरानी और प्रोत्साहन की अहम भूमिका रही है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना, सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित करना और नागरिक-केंद्रित शासन प्रणाली को मजबूत करना है।

## आय छिपाकर भरण-पोषण से नहीं बच सकता पति : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पति द्वारा आय छिपाकर भरण-पोषण से बचने की कोशिश पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि सरकारी नौकरी में होने के बावजूद कोई पति यदि जानबूझकर अपनी वास्तविक आय का खुलासा नहीं करता और कार्यवाही में भाग लेने से बचता है, तो वह न्यायालय की सहानुभूति का पात्र नहीं बन सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पत्नी और नाबालिग पुत्र को दिया गया 16,000 रुपए प्रतिमाह का समेकित भरण-पोषण न्यायसंगत, उचित और पर्याप्त है तथा इसमें हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं बनता है। यह आदेश न्यायमूर्ति मनोज बजाज की एकलपीठ ने मैनपुरी निवासी नीरू सहित संबंधित अन्य आपराधिक पुनरीक्षण याचिकाओं को खारिज करते हुए दिया। कोर्ट ने अपने फैसले में रेखांकित किया कि वर्ष 2009 में विवाह के बाद दंपति लगभग आठ वर्ष साथ रहे, लेकिन 2017 में अलगाव के बाद पत्नी अपने नाबालिग पुत्र के साथ मायके में रहने को विवश हो गई। पत्नी ने पहले सुलह का प्रयास किया, लेकिन विफल रहने पर 2018 में सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भरण-पोषण की मांग की, जिस पर 2020 में पारित एकपक्षीय आदेश में 8,000 रुपए प्रतिमाह (पत्नी व पुत्र के लिए संयुक्त) निर्धारित किया गया। कोर्ट ने यह भी पाया कि पति, जो राज्य सड़क परिवहन विभाग में कार्यरत है और लगभग 45,000 रुपए मासिक वेतन प्राप्त करता है, ने न तो समय पर अपना पक्ष रखा और न ही अपनी कुल आय का खुलासा किया। कोर्ट ने इसे जानबूझकर दायित्व से बचने का प्रयास बताते हुए कहा कि यह विश्वास करना कठिन है कि सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति बिना जवाब दाखिल किए कार्यवाही को अनदेखा कर दे।

### बिना वैधानिक प्रतिबंध के दो कोर्स साथ करने पर नियुक्ति समाप्त करना अवैध

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक ही शैक्षणिक सत्र में दो पाठ्यक्रम पूर्ण करने के संबंध में कहा कि जब तक किसी कानून या नियम में स्पष्ट निषेध न हो, तब तक एक ही शैक्षणिक सत्र में दो पाठ्यक्रम करने के आधार पर नियुक्ति निरस्त करने का आधार नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि धोखाधड़ी या कूटरचना के बिना किसी ठोस आधार के, लगभग तीन दशक की निष्कलंक सेवा के बाद सेवा समाप्ति मनमानी, अनुपातहीन और विधि-विरुद्ध है। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की एकलपीठ ने मुकेश कुमार शर्मा की याचिका पर पारित किया, जिसमें गौतम बुद्ध नगर के बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 11 दिसंबर 2025 को पारित सेवा समाप्ति आदेश को चुनौती दी गई थी।

### साम्प्रदायिक तनाव पर एनएसए निरोध सही

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गो-हत्या से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि ऐसी घटनाएं केवल 'कानून-व्यवस्था' का साधारण उल्लंघन नहीं हैं, बल्कि वे अपने व्यापक सामाजिक प्रभाव के कारण 'लोक व्यवस्था' को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। कोर्ट ने माना कि जब किसी घटना से जन-जीवन की सामान्य गति बाधित होती है, साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न होता है और व्यापक जन-आक्रोश फैलता है, तो उसे लोक व्यवस्था का मामला माना जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत निरोधात्मक कार्रवाई को उचित ठहराया जा सकता है। कोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि किसी घटना का आकलन केवल उसके स्वरूप से नहीं, बल्कि उसके वास्तविक प्रभाव और परिणामों के आधार पर किया जाना चाहिए। यह आदेश न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति संजीव कुमार की खंडपीठ ने समीर व अन्य की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज करते हुए पारित किया। याची ने शामली के जिलाधिकारी द्वारा 15 मई 2025 को एनएसए के तहत पारित निरोध आदेश तथा राज्य सरकार द्वारा 12 जून 2025 को पारित पुष्टि आदेश को चुनौती दी थी।

### संदेहों से घिरे साक्ष्य के आधार पर दोषसिद्धि बरकरार रखना अनुचित

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1986 के एक हत्या मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि जब अभियोजन की कहानी स्वयं गंभीर विरोधाभासों और संदेहों से घिरी हो तथा मौखिक और चिकित्सीय साक्ष्य में मूलभूत टकराव हो, तो ऐसे मामले में दोषसिद्धि कायम नहीं रह सकती और आरोपी को संदेह का लाभ दिया जाना अनिवार्य है। कोर्ट ने कहा कि यदि घटना की उत्पत्ति और तरीके पर ही संदेह हो, तो अभियोजन अपना मामला संदेह से परे सिद्ध नहीं कर पाता। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने जगदीश की आपराधिक अपील स्वीकार करते हुए पारित किया। ट्रायल कोर्ट ने आईपीसी की धारा 302/34 के तहत पुलिस स्टेशन खागा, फतेहपुर में 18 जुलाई 1986 को दर्ज मामले में आरोपियों को दोषी ठहराया, जिसके विरुद्ध वर्तमान अपील दाखिल की गई। याचियों पर आरोप था कि कुंजल प्रसाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कोर्ट ने पाया कि अभियोजन का पूरा मामला मुख्यतः दो प्रत्यक्षदर्शी गवाहों पर आधारित है, लेकिन दोनों के बयान आपस में मेल नहीं खाते। एक ओर जहां गवाहों की उपस्थिति ही संदिग्ध पाई गई, वहीं उनके बयानों में ऐसे विरोधाभास हैं जो मामले की जड़ को प्रभावित करते हैं। कोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि गवाहों के बीच पूर्व शत्रुता मौजूद थी, जो एक ओर अपराध का कारण बन सकती है, वहीं दूसरी ओर अपराध में झूठा फंसाने का मजबूत आधार भी बन सकती है।

**न्यूज ब्रीफ**

### महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** करीब एक महीने पहले नित्य क्रिया को घर से बाहर गई महिला से गांव के युवक ने दुष्कर्म किया। उलाहना देने पर आरोपी के परिजनों ने गाली गलौज देते हुए जानमाल की धमकी दी। मंगलवार को पुलिस ने इस मामले में आरोपी पर दुष्कर्म, उसकी मां समेत दो अन्य पर गाली-गलौज और जानमाल की धमकी का केस दर्ज किया। 31 वर्षीय महिला का आरोप है कि वह 21 मार्च 2026 को शाम नित्य क्रिया के लिए गई थी। उसी दौरान गांव का अमित कुमार पीछे से पकड़ लिया और दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर आरोपी मारपीट कर धमकी देते हुए चला गया। महिला के अनुसार आरोपी की करतूत की शिकायत जब उसके परिजनों से की तो आरोपी की मां और एक अन्य युवक ने भी मारपीट की। पीड़िता ने कोतवाली पहुंच कर तहरीर दी। कोतवाल जय प्रकाश दूबे ने बताया कि आरोपी अमित कुमार पर दुष्कर्म और दो अन्य पर गाली गलौज और धमकी का केस दर्ज किया गया।

### गैर इरादतन हत्या में चार आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** दुधारा थाना क्षेत्र के परसा झकरिया गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने मंगलवार को चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। परसा झकरिया गांव निवासी नूरजहां ने तहरीर देकर बताया कि उसका अपने पट्टीदार रोजन से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है, जिसका मुकदमा दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि 16 अप्रैल की शाम को रोजन की पत्नी अजीजुन्निशा, किताबुन्निशा, मजीबुल्लाह और साहिल गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिए। मारपीट के दौरान मोहम्मद हुसैन के सिर पर गंभीर चोट लग गई, जिससे वह कोमा में चले गए और बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर महिला की मौत, 5 लोग गंभीर

## घायलों में दो बच्चे भी शामिल, सभी जिला अस्पताल रेफर

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** धनघटा-रामजानकी मार्ग पर मंगलवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो बच्चों समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा धनघटा थाना क्षेत्र के दूल्हापार चौराहे के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी।

जानकारी के अनुसार, ऑटो रिक्शा धनघटा से पौली की ओर जा रहा था। उसमें कुल छह लोग सवार थे। दूल्हापार चौराहे के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो सड़क पर पलट गया और उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में परसहर गांव निवासी कमरुन्निशा (35) पत्नी मोहम्मद रईस की मौके पर ही मौत हो गई। वह अपने मायके से घर लौट रही थीं। घायलों में दूल्हापार चकिया निवासी राजन, विश्वनाथपुर निवासी रागिनी व उसके दो छोटे बच्चे, तथा महसो बस्ती निवासी सुशीला शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैंसर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। एसओ धनघटा दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेने के प्रयास किए जा रहे हैं। चालक की पहचान कर उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

### पिकअप की टक्कर से तीन शिक्षिकाएं घायल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सदर थानांतर्गत नेशनल हाईवे के झंडेनगर बाईपास चौराहे पर पिकअप की टक्कर से टेंपो पर सवार तीन शिक्षिकाएं घायल हो गई। घायल शिक्षिकाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत बेहतर है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय सेखुईया स्कूल में तैनात तीन शिक्षिकाएं गीता देवी, सुषमा जायसवाल और हाजिरा खातून मंगलवार दोपहर स्कूल की छुट्टी होने पर एक ही टेंपो पर सवार होकर घर लौट रहीं थीं। जिला मुख्यालय जाते समय रास्ते में नेशनल हाईवे के बाई पास झंडेनगर मोड पर एक पिकअप ने टेंपो के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे टेंपो में सभी लोग घायल हो गए। टेंपो पलटा नहीं लेकिन सभी लोग टेंपो के अंदर ही चोटिल हो गई। सभी शिक्षिकाओं का इलाज प्राइवेट अस्पताल में हो रहा सभी सुरक्षित है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से उतरे चालक को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** मेंहदावल थाना क्षेत्र में टड़वरिया- सांथा मार्ग पर तूनियाहवां चौराहे के पास सोमवार की देर रात हुए सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। घटना से पीड़ित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मंगलवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। मेंहदावल क्षेत्र के बाराखाल के रहने वाले जितेंद्र पुत्र स्वर्गीय रामकिशुन ने बताया कि उसके बड़े भाई 36 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार कस्बे में संचालित एक टेंट हाऊस का ट्रैक्टर चलाते थे। भाई धर्मेंद्र सोमवार की देर रात टेंट का सामान ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर सांथा की ओर जा रहे थे। साथ में ट्राली में रक्शा निवासी पंकज पुत्र रामजीवचन और कौवाठोर निवासी हरिनाथ पुत्र कमलेश भी बैठे थे। रात साढ़े तीन बजे के करीब तुनियहवा चौराहे के पास पानी पीने के लिए बड़े भाई धर्मेंद्र ट्रैक्टर- ट्राली सड़क किनारे रोक कर नीचे उतरे। उसी दौरान तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में भाई धर्मेंद्र कुमार को गंभीर चोटे आई। घायल भाई को पहले मेंहदावल सीएचसी और फिर जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। मंगलवार को सुबह उपचार के दौरान जिला अस्पताल में भाई धर्मेंद्र की मौत हो गई। उनके चार मासूम बच्चे है। पीड़ित भाभी गीता का रो-रो कर बुरा हाल था। एसओ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भेज दिया गया।

## नदी में डूबकर दो किशोरियों की मौत

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** सोनवा थाना क्षेत्र स्थित नरायनपुर गांव में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। राप्ती नदी में नहाने गई दो किशोरियों की नदी में डूबकर मौत हो गई। घंटों तलाश के बाद दोनों का शव बाहर निकाला गया और पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दो मौतों से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

सोनवा थाना क्षेत्र स्थित नरायनपुर गांव निवासी अंशु देवी (11) पुत्री धर्मराज सोनकर व



गुलशाना की फाइल फोटो।

गुलशना (14) पुत्री छोटकऊ आज दोपहर में नहाने के लिए राप्ती नदी में गई थी। नहाते समय दोनों गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। दोनों किशोरियों को डूबता देख आस पास मौजूद लोग बचाने के लिए दौड़े लेकिन तब तक दोनों पानी में डूबकर लापता हो गई। सूचना परिजनों को दी गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। लोगों ने पुलिस को सूचित किया। साथ ही गांव के ही गोताखोर किशोरियों की तलाश करने लगे। घंटो तलाश के बाद दोनों किशोरियों का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले लिया। बताया जाता है कि दोनों परिवार के लोग कई सालों से राप्ती नदी के दूसरी तरफ खेत में घर बनाकर रहते थे। घर के पास ही राप्ती नदी बह रही है। दोपहर में दोनों परिजनों को बिना बताए नहाने के लिए राप्ती नदी पहुंच गई और नहाते समय यह हादसा हो गया।

### जीवन में सफलता दिलाती है शिक्षा : उमा

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** ब्लाक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत नगर पंचायत शोहरतगढ़ कस्बे में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इन्टर कालेज में मंगलवार को अंक पत्र वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान संगठन चेयरमैन उमा अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि राम मिलन त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया।

## ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का होगा संचलन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 04030/04029 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचलन आनन्द विहार टर्मिनस से 22 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार को तथा मुजफ्फरपुर से 23 अप्रैल से 16 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को 13 फेरों के लिये किया जायेगा। 04030 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 22 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार को आनन्द विहार टर्मिनस से 09.00 बजे प्रस्थान करेगी। वापसी यात्रा में 04029 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 23 अप्रैल से 16 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को मुजफ्फरपुर से 06.15 बजे प्रस्थान करेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 12, शयनयान श्रेणी के 04, जनरेटर सह लगेज यान का 01 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच सहित कुल 19 कोच लगाये जायेंगे।

वहीं 05064/05063 गोमती नगर-कोलकाता-गोमती नगर वाया गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन गोमती नगर से 22 एवं 29 अप्रैल को तथा कोलकाता से 23 एवं 30 अप्रैल दो फेरों के लिये किया जायेगा। 05064 गोमती नगर-कोलकाता ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 22 एवं 29 अप्रैल को गोमती नगर से 08.40 बजे प्रस्थान करेगी। वापसी यात्रा में 05063 कोलकाता-गोमती नगर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 23 एवं 30 अप्रैल को कोलकाता से 15.20 बजे प्रस्थान करेगी।

इसके अलावा 04028/04027 आनन्द विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचलन आनन्द विहार टर्मिनस से 24 अप्रैल से 15 मई तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा मुजफ्फरपुर से 25 अप्रैल से 16 मई तक प्रत्येक शनिवार को 04 फेरों के लिये किया जायेगा।

## नेपाल से लायी जा रही किशोरी को एसएसबी ने किया रेस्क्यू

रुपईडीहा (बहराइच)

**अमृत विचार।** 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) रूपईडीहा ने मानव तस्करी के एक प्रयास को विफल करते हुए एक नेपाली नाबालिग लड़की को सुरक्षित रेस्क्यू किया है। इस कार्रवाई में एक संदिग्ध नेपाली युवक को भी गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई के लिए नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया गया।

कमांडेंट गिरीश चन्द्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में बीओपी रुपईडीहा के जवानों ने एएचटीयू टीम के साथ संयुक्त रूप से बीआईटी चेकपोस्ट, रुपईडीहा पर नियमित चेकिंग के दौरान यह सफलता हासिल की। सोमवार शाम को नेपाल से भारत की ओर आ रही एक 17 वर्षीय नेपाली किशोरी को एक 22 वर्षीय युवक के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में रोका गया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान दोनों ने अपने संबंध के बारे में विरोधाभासी जानकारी दी, जिससे सुरक्षा बलों को संदेह हुआ। इसके बाद एसएसबी एवं एएचटीयू टीम ने गहन पूछताछ की और किशोरी के परिजनों से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया। जांच के दौरान लड़की के पिता से संपर्क होने पर उन्होंने पुष्टि की कि उनकी पुत्री को दो दिन पूर्व एक अज्ञात युवक फुसलाकर अपने साथ ले गया था। साथ मौजूद युवक को उन्होंने पहचानने से इनकार कर दिया।

## पाथ-वे दुरुस्त करने, खुले ड्रेनेज बंद करने के निर्देश



स्टेशन पर निरीक्षण करते अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे विनोद कुमार शुक्ल।

- **अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे ने स्टेशन का किया निरीक्षण**

**गोरखपुर, अमृत विचार।** अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे विनोद कुमार शुक्ल ने मंगलवार को गोरखपुर जं. रेलवे स्टेशन के पश्चिम तरफ सरकुलेटिंग एरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन के पश्चिम तरफ स्थित कैब-वे के पूर्वी एवं पश्चिमी प्रवेश द्वार पर यात्रियों की सुरक्षा हेतु सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने तथा उत्तर तरफ के कैब-वे के सड़क किनारे सौन्दर्यीकरण हेतु पौधा लगाने एवं साफ-सफाई का निर्देश दिया।

अपर महाप्रबन्धक ने पाथ-वे को दुरूस्त करने एवं खुले ड्रेनेज को बन्द करने तथा टूटी-फूटी सड़कों को मरम्मत करने, आरक्षण कार्यालय के निकट खाली पड़ी भूमि पर पार्क बनाकर फूलों के पौधों से सुसज्जित करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्लेटफार्मो पर खुले में पार्सल न रखने तथा उचित रख-रखाव करने के साथ ही रेलवे की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने तथा खाली स्थानों पर पौधे लगाने का निर्देश दिया। उन्होने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को उत्तर तरफ के कैब-वे पश्चिमी प्रवेश द्वार पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए समुचित प्रकाश की व्यवस्था करने तथा पश्चिमी प्रवेश द्वार के निकट रेलवे सुरक्षा बूथ पर रेलवे सुरक्षा बल की तैनाती, लाइन किनारे दिवाल के निर्माण करने हेतु निदेर्शित किया। साथ ही नालों के खुले मेन होल को शीघ्र बन्द करने तथा यात्रियों को सुरक्षित आवागमन हेतु पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबन्धित करने का रेलवे सुरक्षा बल को निर्देश दियाअपर महाप्रबन्धक ने स्टेशन परिसर में चल रहे निर्माण कार्यो को शीघ्र पूरा करने तथा खाली स्थानों पर पौधा रोपण कर सौंदर्यीकरण को बढावा दिये जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, स्टेशन निदेशक रतनदीप गुप्ता सहित मुख्यालय एवं लखनऊ मंडल के वरिष्ठ अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## गोंडा के दुकानदार से दो लाख रुपये की टप्पेबाजी

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** गोंडा से कपड़ा खरीदने खलीलाबाद आए दुकानदार से दो लाख रुपये की टप्पेबाजी हो गई। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस टीम आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है।

गोंडा जनपद के वजीरगंज थाना क्षेत्र के बालेश्वरगंज के रहने वाले देवेंद्र कुमार भारतीय कॉपी किताब की दुकान चलाते है। उनके भतीजी की शादी है। मंगलवार को खलीलाबाद में कपड़े की खरीदारी करने कार से अपने 22 वर्षीय बेटे आशुतोष और अवनीश सिंह के साथ आए थे। शहर के नेदुला के पास खड़े एक व्यक्ति से कपड़े की अच्छी दुकान के बारे में पूछा। उस व्यक्ति ने उन्हें विश्वास में लिया और उचित दर पर कपड़ा खरीदवाने के लिए कार में बैठ लिया। आरोपी कार सवारों को नई तहसील खलीलाबाद के आगे वन विभाग के कार्यालय के पास ले गया और वहीं कार खड़ी करवा दिया। वहां से करीब 400 मीटर दूर पैदल ही ले गया और एक दुकान पर सभी लोग चाय पीए। चाय पीकर गाड़ी की ओर लौटते दौरान अति विश्वास में देवेंद्र ने रुपये रखा बैग उक्त व्यक्ति को दे दिए। कुछ ही देर में एक कार में सवार तीन लोग गुजरे। अचानक कार रोके और उसी में रूपये रखा बैग लिए उक्त व्यक्ति को बैठा कर फरार हो गए।

**तैयारी** | जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

## होमगार्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराएं : डीएम

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद में आगामी 25, 26 एवं 27 अप्रैल को आयोजित होने वाली होमगार्ड भर्ती परीक्षा-2026 को सकुशल शांतिपूर्ण के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, की उपस्थिति में परीक्षा की तैयारियों को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक के साथ कैम्प कार्यालय पर बैठक सम्पन्न हुई।



बैठक करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारीगण अपनी सभी तैयारियां परीक्षा से पूर्व मानकों के अनुरूप सुदृढ़ करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का बहुत ही अहम योगदान होता है, इसीलिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए मानकों के अनुरूप अपनी-अपनी तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान करेंगे एवं संबंधित अधिकारीगण समय से अपनी-अपनी ड्यूटी स्थलों पर पहुंचकर अपने दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाली परीक्षा में यदि किसी भी अधिकारी की लापरवाही संज्ञान में आती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि उनके द्वारा अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि परीक्षा केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं एवं सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं।

### दो अभियुक्तों को 7-7 वर्ष कारावास

**कुशीनगर, अमृत विचार:** हाटा कोतवाली पर पंजीकृत मुकदमे में अभियुक्तों के विरुद्ध स्थानीय पुलिस व मॉनिटरिंग सेल के द्वारा प्रभावी पैरवी किया गया। जिसके फलस्वरुप न्यायालय द्वारा अभियुक्तों इन्द्रजीत शर्मा पुत्र शिव मूरत शर्मा व अमित उर्फ मन्तोष शर्मा निवासी देवरिया देहात कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाकर अपराध सिध्द करते हुए 07-07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक को 10,000/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियुक्त को सजा दिलाने में विवेचक उ0नि0 सुबास चन्द रत्ना, एडीजीसी संजीव कुमार सिंह, प्र0नि हाटा संजय दुबे, पैरोकार कां0 दुर्गेश यादव हाटा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पुलिस टीम पर पथराव मामले में दस नामजद व 15 से 20 अज्ञात पर केस

संवाददाता, संतकबीरनगर।

**अमृत विचार।** मेंहदावल थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव में मारपीट के विवाद को शांत कराने पहुंची पुलिस टीम पर पथराव किए जाने का मामले में मंगलवार को पुलिस ने 10 नामजद समेत 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी और वीडियो फुटेज से आरोपियों की पहचान में जुटी हुई है।

दरोगा संजय कुमार वर्मा ने दिए तहरीर में बताया कि 18 अप्रैल को रोडवेज मेंहदावल से आगे तुलसीपुर में कुछ लोगों के बीच विवाद और मारपीट की सूचना मिली थी। सूचना पर वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, जहां थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह भी पहले से मौजूद थे। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर विवाद कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया और शांति व्यवस्था कायम करने के लिए कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ लोग अचानक उग्र हो गए और एकजुट होकर पुलिस टीम के खिलाफ आक्रामक हो गए। आरोप है कि उन्होंने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए पुलिसकर्मियों और सरकारी वाहन पर पथराव कर दिया, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई और पुलिसकर्मियों की सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो गया। एसओ सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में पुलिस ने परशुराम, धर्मेन्द्र उर्फ गोड़े, राहुल, विजय, बेचन, अरविन्द निषाद, अनिल निषाद, शम्भु निषाद, लालधर निषाद और राजन निषाद समेत 10 लोगों को नामजद करते हुए 15-20 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, पुलिस पर हमला और शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही अन्य आरोपितों की पहचान कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### आईएसआईएस के प्रमुख आतंकी को छह साल कैद की सजा

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु स्थित एनआईए अदालत ने युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और आतंकवादी विचारधारा फैलाने के लिए इस्लामिक स्टेट आतंकी संगठन के प्रमुख साजिशकर्ता को छह साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। कर्नाटक के शिवमोगा का निवासी अराफात अली जनवरी 2020 में गिरफ्तारी से बचने के लिए देश छोड़कर भाग गया था हालांकि उसे सितंबर 2023 में नई दिल्ली में एनआईए ने गिरफ्तार कर लिया था। एनआईए के अनुसार, अराफात भारत में आतंकवादी विचारधारा का प्रचार करने की साजिश में शामिल था।

### वसुंधरा का पत्र सोशल साझा करने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर केस

**इंदौर।** कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दावा किया कि महिला आरक्षण के बारे में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का एक पत्र सोशल मीडिया पर साझा करने के लिए पार्टी के तीन कार्यकर्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। महिला आरक्षण से संबंधित संशोधन प्रस्ताव लोकसभा में गिरने के बाद वसुंधरा राजे का एक पत्र सोशल मीडिया पर कुछ दिनों से प्रसारित हो रहा है। हालांकि उन्होंने इसका खंडन किया है। कथित तौर पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को लिखे इस पत्र में उन्होंने महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ने पर सवाल उठाए हैं।

### ठाणे में पूर्व अधिकारी पर कर्मचारी के साथ बलात्कार का केस

**ठाणे।** ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) के एक सेवानिवृत्त सहायक आयुक्त के खिलाफ पद का दुरुपयोग करते हुए तीन साल की अवधि में एक महिला कर्मचारी के साथ बलात्कार करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता महानगरपालिका में डेटा एंट्री ऑपरेटर के रूप में काम करती थी। उसने आरोप लगाया कि आरोपी उसे अपने किराए के फ्लैट में ले गया, उसके पेय में नशीला पदार्थ मिलाया और उसके साथ बलात्कार किया। आरोप है कि उसने इस घटना का वीडियो बनाया और बाद में उसका इस्तेमाल करके उससे और यौन संबंध बनाने की अनुचित की मांग की।

### टैंकों के लिए महत्वपूर्ण उपकरणों की खरीद के लिए किया अनुबंध

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने टी-72 और टी-90 टैंकों के लिए महत्वपूर्ण उपकरणों की खरीद के लिए लगभग 975 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जिससे सेना की बारूदी सुरंग क्षेत्र को भेदने की क्षमता बढ़ेगी। दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए। मंत्रालय ने कहा कि उसने बीईएमएल और इंडिया के लिए ट्रॉल असेंबली की खरीद के वास्ते करीब 975 करोड़ रुपये की लागत से समझौते किए हैं।

# यूपी सरकार से पूछा... आपके अधिकारी हमारे साथ लुकाछिपी क्यों खेल रहे हैं

## नोएडा में हुए घृणा अपराध के मामले में उपयुक्त धाराएं न लगाने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा में 2021 में हुए घृणा अपराध के मामले में पुलिस द्वारा दाखिल अनुपालन हलफनामे को लेकर सख्त नाराजगी जताते हुए मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार से सवाल किया कि आपका जांच अधिकारी इस अदालत के साथ लुकाछिपी का खेल क्यों खेल रहा है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यूपी सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से पूछा कि पुलिस ने इस मामले में आईपीसी की धारा 153-बी क्यों नहीं जोड़ी। शीर्ष अदालत ने कहा कि विधि अधिकारी ने 16 फरवरी को उसके समक्ष कहा था कि शिकायत में लगाए गए आरोपों से आईपीसी की धारा 153-बी और 295-ए के तहत दंडनीय अपराधों के आवश्यक तत्व सिद्ध होते हैं और उक्त अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए थी। धारा 295-ए समाज के किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मकसद से जानबूझकर किये गए और दुर्भावनापूर्ण कृत्यों से संबंधित है, जिसमें उनके धर्म या धार्मिक मान्यताओं का अपमान करना शामिल है।

न्यायालय चार जुलाई 2021 को नोएडा में व्यक्तियों के एक समूह द्वारा किये गए कथित घृणा अपराध में दुर्व्यवहार और यातना के पीड़ित एक वरिष्ठ नागरिक की शिकायत पर निष्पक्ष जांच और सुनवाई का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा है। नटराज ने पीठ को सूचित किया कि निचली अदालत ने पुलिस को मामले में आगे की जांच करने की अनुमति दे दी है और पुलिस आवश्यक धाराएं जोड़ेगी।



### कोर्ट के आदेश पर जोड़ी गई धारा फिर हटा दी

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले कहा था कि प्राथमिकी में आईपीसी की धारा 153-बी और 295-ए के तहत आरोप जोड़े जाने चाहिए थे। वकील ने कहा, धारा 153-बी को फिर से हटा दिया गया है। इस पर पीठ ने राज्य सरकार से पूछा, धारा 153-बी को क्यों नहीं जोड़ा गया। नटराज ने पीठ को आश्वासन दिया कि पुलिस धारा 153-बी जोड़ देगी। शीर्ष अदालत ने जांच अधिकारी को तलब करने की इच्छा जताई, लेकिन नटराज के अनुरोध पर पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया। मामले की अगली सुनवाई 19 मई को निर्धारित की गई है। न्यायालय ने विधि अधिकारी से कहा, कृपया अपने अधिकारियों को सूचित करें अन्यथा वे मुसीबत में पड़ जाएंगे।

### बंधुआ मजदूरों की तस्करी पर किया सवाल- अब तक क्या कदम उठाए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने श्रम और रोजगार मंत्रालय के सचिव को मंगलवार को एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें बंधुआ मजदूरों की अंतर्राज्यीय तस्करी के मुद्दे से निपटने के लिए उठाए गए कदमों का ब्योरा शामिल हो। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि हलफनामे में यह भी बताया जाना चाहिए कि इस मामले में शीर्ष अदालत से और क्या निर्देश अपेक्षित हैं। पीठ उन लोगों के मौलिक अधिकारों को लागू करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिनकी तस्करी बंधुआ मजदूरों के तौर पर की जाती है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी ने पीठ को बताया कि कई घटनाक्रम हुए हैं। उन्होंने कहा, आप सचिव से हलफनामा दाखिल करने के लिए क्यों नहीं कहते। पीठ ने कहा कि अटॉर्नी जनरल ने उसके समक्ष एक नोट पेश किया है, जिसमें मंत्रालय की ओर से उठाए गए कदमों और योजना की स्थिति के बारे में भी जानकारी दी गई है। उसने कहा, हमारा मानना है कि श्रम और रोजगार मंत्रालय के सचिव का हलफनामा दाखिल करना उचित होगा। हलफनामा तीन हफ्ते के भीतर दाखिल किया जाना चाहिए।

### दुर्घटना पीड़ितों को अच्छी गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंग पाने का अधिकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि मोटर दुर्घटना पीड़ितों को अच्छी गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंग पाने का अधिकार है, जो उनके जीवन का अभिन्न अंग है। कोर्ट ने कहा कि वे लोग जो दुर्घटना में अंग गंवा देते हैं उनके लिए ऐसे कृत्रिम अंग दिव्यांगता दूर करने का तरीका होते हैं। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि कृत्रिम अंग केवल चिकित्सा उपकरण नहीं बल्कि अंग गंवा चुके व्यक्ति के आत्मविश्वास और सशक्तीकरण का एक अनिवार्य हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने रेस्टिट्यूटियो इन इंटीग्रम (वापस मूल स्थिति में आना) के कानूनी सिद्धांत का हवाला देते हुए कहा कि अंग गंवा चुके लोगों के लिए कृत्रिम अंग दिव्यांगता दूर करने का तरीका होते हैं। ऐसे उपकरण उन्हें सशक्त बनाने के अलावा, उनके जीवन का अभिन्न अंग हैं, जो उन्हें आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसकी अनिवार्यता को केवल दिव्यांग व्यक्ति ही बेहतर ढंग से समझ सकता है। उच्चतम न्यायालय का यह फैसला प्रहलाद सहाय की अपील पर आया, जो 2007 में हरियाणा रोडवेज की बस की टक्कर से दाहिना पैर गंवा बैठे थे।

### दिल्ली से बिना महरम 43 महिलाएं हज के लिए रवाना

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब में अगले महीने के अंत में शुरू होने वाली हज यात्रा के लिए 'बिना महरम' (बिना पुरुष साथी) के 40 से ज्यादा महिला यात्रियों का जत्था सोमवार को यहां से मदीना के लिए रवाना हुआ।

दिल्ली हज कमेटी ने बताया कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सऊदी एयरलाइंस के जरिए 43 महिलाएं बिना मरहम हज के लिए रवाना हुईं। दिल्ली हज कमेटी की प्रमुख कौसर जहां ने बिना महरम के महिलाओं के हज पर जाने को महिला सशक्तीकरण का उदाहरण बताया। दिल्ली से हज यात्रा पर रवाना होने वाली 43 महिलाओं में से 12 दिल्ली से, 21 उत्तर प्रदेश से, तीन बिहार से, चार जम्मू-कश्मीर से, दो मध्यप्रदेश से और दो उत्तराखंड से हैं।

### जब मानवता की हदें पार कर दी जाती हैं तो जवाब निर्णायक होता है : सेना

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी की पूर्व संध्या पर भारतीय सेना ने मंगलवार को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने का अपना संकल्प दोहराया और कहा, जब इंसानियत की हदें पार की जाती हैं, तो जवाब निर्णायक होता है। पिछले साल 22 अप्रैल को, आतंकवादियों ने दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों को मार डाला था, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। भारत ने इसके जवाब में 7 मई को एक सैन्य अभियान शुरू किया और पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ढांचों को तबाह कर दिया। सेना ने एक्स पर कहा, भारत एकजुट है। इस पोस्ट में एक पोस्टर भी साझा किया गया जिसमें भारत के मानचित्र की छायांकित तस्वीर के साथ कैप्शन है- 'सम बाउंड्रीज शुड नेवर बी क्रॉस्ड' (कुछ हदें कभी पार नहीं की जानी चाहिए)। इसमें अंग्रेजी शब्द 'क्रॉस्ड' का 'ओ' अक्षर सिंदूर की एक कटोरी की तरह चित्रित किया गया है और नीचे सुर्ख लाल रंग में लिखा है इंडिया डज नॉट फॉरगेट (भारत भूलता नहीं है)। भारत ने पहलगाम हमले के बाद गत वर्ष सात-आठ मई की दरमियानी रात को निर्णायक सैन्य कार्रवाई शुरू की थी।

### मैच में शर्त लगाने की स्वीकारोक्ति भारी पड़ी कर्नाटक के गृह मंत्री पर प्राथमिकी का आदेश

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक अदालत ने कबड्डी मैच के दौरान कथित तौर पर सट्टेबाजी संबंधी टिप्पणी करने के मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है।

मंत्री के करीबी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 42वें अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने एच. आर. नागभूषण द्वारा दायर एक निजी शिकायत के बाद पुलिस को जांच शुरू करने का निर्देश दिया। अदालत ने तुमकुरु के कोडिगेहल्ली पुलिस को विस्तृत जांच करने का निर्देश भी दिया। सूत्रों के अनुसार, हाल ही में तुमकुरु में आयोजित राज्य स्तरीय प्री-यूनिवर्सिटी कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान लड़कों के फाइनल में दक्षिण कन्नड़ ने विजयपुरा को 36-26 से हराया। पुरस्कार प्रदान करने के बाद परमेश्वर ने मजाक में कहा, "मुझे 500 रुपये का नुकसान हुआ। मैंने उपायुक्त के साथ शर्त लगाई थी कि विजयपुरा की टीम जीतेगी।

# संसद में टिप्पणी के लिए पप्पू यादव को बिहार महिला आयोग का नोटिस

**पटना, एजेंसी**

संसद में महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के मुद्दे को लेकर महिलाओं पर विवादित टिप्पणी करने के लिए पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को बिहार राज्य महिला आयोग ने नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है कि क्यों ना उनकी अयोग्यता की सिफारिश करते हुए लोकसभा अध्यक्ष से संपर्क किया जाए।

आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने कहा, हमने पूर्णिया सांसद द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का स्वतः संज्ञान लिया है। उनके जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जा सकती है। यादव की महिलाओं को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने 'एक्स' पर कहा, चौंकाने वाला बयान! जब देश नारी शक्ति को आगे बढ़ाने में जुटा है, तब देखिए कांग्रेस समर्थित सांसद क्या कह रहे हैं। भाजपा नेता तुहिन

### कहा था- 75% नेताओं की गिद्ध जैसी नजर, सदन में देखते हैं पोर्न वीडियो



पप्पू यादव ने कहा था, महिलाओं पर गिद्ध जैसी नजर किसकी है, यह नेताओं की है। किसी नेता के कमरे से गुजरे बिना 90 प्रतिशत महिलाएं राजनीति नहीं कर सकतीं। नेताओं के रोज के सीसीटीवी फुटेज में यह देखा जा सकता है। यह एक संस्कृति बन चुकी है। यादव ने दावा किया कि दफ्तरों में महिलाओं का शोषण होता है। लोकसभा और विधानसभा महिलाओं को गिद्ध जैसी नजर से देखती है। मैंने सदन में कहा था कि 75 प्रतिशत नेता अश्लील वीडियो देखते हैं। सबके मोबाइल की जांच कर लीजिए। वहां से कुछ मिटता नहीं है।

### महिला आयोग की कई सदस्यों की भी राजनेताओं के साथ आपत्तिजनक फोटो

चुनाव प्रचार करने पश्चिम बंगाल गए पप्पू ने नोटिस की जानकारी पर नाराजगी जताई। कहा, महिला आयोग कांच के घर में रहकर पत्थर फेंक रहा है। पूछा- जब मैं पटना में नीट की एक अभ्यर्थी की संदिग्ध यौन उत्पीड़न के बाद मौत को लेकर आंदोलन कर रहा था, तब आयोग कहां था। पप्पू ने कहा कि उन्होंने महिलाओं के बारे में कोई अशोभनीय टिप्पणी नहीं की। मैंने केवल यह तथ्य सामने रखा कि कई महिलाएं उन लोगों के शोषण का शिकार होती हैं, जिन्हें वे अपना मार्गदर्शक मानती हैं। उन्होंने दावा किया कि उनके पास महिला आयोग की कुछ सदस्याओं की राजनीतिक नेताओं के साथ आपत्तिजनक तस्वीरें हैं।

**पूछा- नीट छात्रा केस में कहां था आयोग**

# शिक्षाविद् मधु किश्वर पर एफआईआर

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के रहने वाली महिला की शिकायत के आधार पर शिक्षाविद् मधु किश्वर के खिलाफ सोशल मीडिया पर फर्जी एवं भ्रामक सामग्री फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

चंडीगढ़ पुलिस की एक टीम ने मंगलवार को दिल्ली में किश्वर को नोटिस जारी कर उन्हें 22 अप्रैल को यहां मामले की जांच में शामिल होने के लिए कहा। चंडीगढ़ पुलिस आधिकारिक बयान के अनुसार, शहर के एक शिकायतकर्ता ने 19 अप्रैल को आरोप लगाया कि कुछ फर्जी और भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट और वीडियो क्लिप, जिनमें अश्लील टेक्स्ट और सामग्री विभिन्न सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं द्वारा प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की गलत पहचान बताई गई है। मामले की जांच जारी है। किश्वर प्रधानमंत्री मोदी की बायोग्राफी मोदीनामा लिखने के लिए जानी जाती हैं।

- महिला ने लगाया सोशल मीडिया पर भ्रामक सामग्री फैलाने का आरोप



### बिहार के 12 लड़कों को ट्रेन से बचाया

**भद्रक/भुवनेश्वर।** बिहार के 12 लड़कों को कथित तौर पर तस्करी किए जाने के दौरान ओडिशा में एक ट्रेन से बचाया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह अभियान चाइल्ड लाइन और पुलिस द्वारा एक सूचना के आधार पर चलाया गया था। जिला चाइल्ड लाइन की समन्वयक सुभाषश्री पधिहारी ने कहा, हम भद्रक स्टेशन पर जनशताब्दी एक्सप्रेस में सवार हुए और उन्हें बचाया।

### केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई को जनहित याचिका

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा।

आरोप हैं कि इन लोगों ने आबकारी नीति मामले से न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को अलग करने का अनुरोध करने वाली पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल की याचिका पर अदालत की सुनवाई के वीडियो अपलोड करने के साथ और उसे साझा किया। वकील वैभव सिंह द्वारा दायर यह जनहित याचिका मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। सिंह ने अपनी जनहित याचिका में कहा है कि अदालत की कार्यवाही की अनधिकृत रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया पर साझा करना न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर कर सकता है और उच्च न्यायालय के नियमों के तहत भी निषिद्ध है।

### आरक्षण विधेयक पर प्रदर्शन के दौरान लगा जाम, भाजपा के मंत्री पर भड़की महिला

**मुंबई।** मुंबई के वर्ली इलाके में मंगलवार को महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के विरोध में भाजपा के प्रदर्शन के दौरान जाम से नाराज एक महिला ने महाराष्ट्र सरकार में मंत्री गिरीश महाजन को फटकार लगाई और उनसे वहां से चले जाने को कहा। यह घटना उस समय हुई, जब महाजन विरोध के दौरान विपक्ष को निशाना बनाते हुए एक रैली में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

### ठाणे: अस्पतालकर्मियों ने पुरानी पेंशन के लिए शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में ठाणे के सिविल अस्पताल के कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन समेत अपनी लंबित मांगों को पूरा करने के लिए मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी।

कई कर्मचारी संघों के नेतृत्व में शुरू गए आंदोलन ने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। राज्य सरकारी कर्मचारी संघ, समूह डी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ, तकनीकी कर्मचारी निकायों और नर्स महासंघ ने हड़ताल संयुक्त रूप से बुलाई है। उनकी मांगों में पुरानी पेंशन योजना को लागू करना, सीधी भर्ती प्रक्रियाओं को तुरंत पूरा करने, 1981 के सरकारी प्रस्ताव को पुनर्जीवित करना, स्वास्थ्य कार्ड जारी करने के साथ कैशलेस बीमा योजना और नर्सों को स्थानांतरण से छूट शामिल है। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में नर्सों, तकनीकी कर्मचारियों और चतुर्थ श्रेणी कर्मी ने सक्रिय रूप से भाग लिया।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# तमिलनाडु व पश्चिम बंगाल में प्रचार थमा, मतदान कल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में गुरुवार को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम पांच बजे थम गया। तमिलनाडु की सभी 234 सीटों और पश्चिम बंगाल के पहले चरण के लिए 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान से 48 घंटे पहले जनसभाएं रोक दी जाती है। प्रचार थमने के बाद उम्मीदवार और उनके कार्यकर्ता मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क साधते हैं। दोनों राज्यों में 23 अप्रैल को मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा। पश्चिम बंगाल में 142 सीटों पर दूसरे चरण का चुनाव 29 अप्रैल को होगा।

चुनाव आयोग के अनुसार तमिलनाडु में कुल 4,023 उम्मीदवार मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला वर्तमान सत्तारूढ द्रविड़ मनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन और उसके मुख्य प्रतिद्वंदी अन्नाद्रमुक, गैर-भारतीय जनता पार्टी बीच है। अभिनेता सी जोसफ विजय की नई पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम ने कुछ सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान होगा। राज्य में चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किये हैं और संवेदनशील इलाकों में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल की सघन तैनाती की गयी है। इनमें उत्तर बंगाल के आठ, दक्षिण बंगाल के तीन व जंगलमहल अंचल के पांच जिले शामिल हैं।





- तमिलनाडु की सभी 234 और पश्चिम बंगाल के पहले चरण में 152 सीटों पर पड़ेंगे वोट

### रोड शो



तमिलनाडु में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने चेन्नई में रोड शो कर वोट मांगे। विजय की नई पार्टी ने राज्य में मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

### प्रचार थमने से पहले अन्नाद्रमुक ने किए 10 और वादे

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार थमने से कुछ ही घंटे पहले, मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने मतदाताओं को लुभाने के लिए 10 नये चुनावी वादों की घोषणा की है। 23 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले, पार्टी ने अपने पहले से घोषित विस्तृत घोषणापत्र के अतिरिक्त इन नयी योजनाओं को पेश किया है। अन्नाद्रमुक महासचिव और राजग के मुख्यमंत्री पद के चेहरे ई. के. पलानीस्वामी ने बयान जारी कर बताया कि सत्ता में आने पर कामकाजी युवाओं को दोपहिया वाहन खरीदने के लिए 10,000 रुपये की सब्सिडी दी जायेगी, जिससे करीब 10 लाख युवाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।

इसके अलावा श्री पलानीस्वामी ने आम उत्पादक किसानों के लिए एमएसपी निर्धारित करने की घोषणा की। साथ ही निर्माण श्रमिकों और ताड़ के पेड़ों पर चढ़ने वाले किसानों के लिए मुआवजे की राशि में भारी बढ़ोतरी का वादा किया है। श्रमिक की मृत्यु की स्थिति में मृतक के परिवारों को क्रमशः 25 लाख और 20 लाख रुपये का मुआवजा देने की बात कही गयी है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में 24x7 'वार रूम' स्थापित करने और कुड्डालोर व विल्लुपुरम जैसे जिलों में काजू उद्योग में लगी महिलाओं के लिए मुफ्त उपकरण देने की घोषणा की है। सरकारी केबल टीवी के शुल्कों में 50% की कटौती का वादा किया है।

# तृणमूल कांग्रेस फिर लौटेगी: ममता

**हल्दिया, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस लगातार चौथी बार राज्य की सत्ता में आएगी और कोई नहीं चाहता कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बनाए। पूर्व मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने विपक्षी दलों का आह्वान किया कि केंद्र से भाजपा नीत राजग सरकार को हटाने के लिए सब साथ में आएं।

उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार पश्चिम बंगाल में चुनाव नहीं जीतेगी। तृणमूल कांग्रेस एक बार फिर सरकार बनाएगी। हम 2026 में ही दिल्ली से भी भाजपा को हटा देंगे।

# पीएम मोदी हैं ममता सरकार के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर: अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को नरेन्द्र मोदी को पश्चिम बंगाल की मौजूदा सरकार का 'सबसे बड़ा ब्रांड एंबेसडर बताया। कहा कि प्रधानमंत्री का झाड़ग्राम में झालमुड़ी खरीदना सबूत है कि टीएमसी ने इस क्षेत्र को माओवादी हिंसा से बचाया है। उन्होंने भाजपा पर जमीनी हकीकतों को नजरअंदाज करते हुए टीएमसी सरकार पर निराधार राजनीतिक हमले करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने कहा कि जो लोग बंगाल की कानून व्यवस्था की आलोचना करते हैं और राज्य को गुजरात, उत्तर प्रदेश या मध्य प्रदेश में बदलने का वादा करते हैं, उन्हें याद करना चाहिए कि 2011 से पहले यहां जीवन कैसा था। ममता बनर्जी की टीएमसी ने 2011 में पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चा को सत्ता से बेदखल कर दिया था। उन्होंने कहा कि उस समय झाड़ग्राम, गोपीबल्लभपुर, लालगढ़, बिनपुर और निताई में लोग दोपहर के बाद घर से बाहर नहीं निकल सकते थे। उस समय प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर भी झाड़ग्राम में नहीं उतर पाता। लेकिन आज की स्थिति देखिए।



- उनका झाड़ग्राम में झालमुड़ी खरीदना सबूत है टीएमसी ने खत्म की माओवादी हिंसा

# घुसपैठियों को बचा रहीं ममता : शाह

**शालबनी (प. बंगाल), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी घुसपैठियों को संरक्षण, और वंशवादी राजनीति को बढ़ावा दे रही हैं। राज्य में बाबरी मस्जिद के समान मस्जिद बनाने के प्रयासों का समर्थन कर रही हैं, जिसे भाजपा किसी भी हालत में स्वीकार नहीं करेगी।

शाह ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के शालबनी में चुनाव के पहले चरण से पहले एक रैली को संबोधित करते हुए इस चुनावी मुकाबले को सीधे भाजपा और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीच वैचारिक लड़ाई के रूप में पेश करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव घुसपैठ और भ्रष्टाचार से पश्चिम बंगाल को मुक्त कराने का लेकर है। बोले- मैं आपसे कह रहा हूं, 23 अप्रैल को ईवीएम पर कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) का बटन दबाइए और भाजपा की सरकार बंगाल से हर घुसपैठिये को बाहर निकाल देगी। कहा कि ममता जी अपने भतीजे को बंगाल का मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। शाह ने कहा कि मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि बंगाल का अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा, जो बंगाल में जन्मा और पला-बढ़ा होगा और बांग्ला बोलेगा। निश्चित रूप से वह भाईपो नहीं, भाजपा का कार्यकर्ता होगा।



जनसभा के दौरान पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाकर जनता का अभिवादन करते अमित शाह।

- शालबनी में केंद्रीय गृहमंत्री बोले- हम पश्चिम बंगाल में नहीं बनने देंगे बाबरी मस्जिद

